**दिनांक 30.03.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आरा जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य के लिए प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

(i) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अरविन्द कुमार सिंह,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, आरा।

(iii) **श्री पुनित गुप्ता,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, आरा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - आरा जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹11,22,46,800/- (मु0अभि0(नि0) का पत्रांक-969(नि0) अनु0 दिनांक-11.07.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 11,16,17,630/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 13,38,73,719/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-20987(भ0) 25-26 दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक-07.01.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 01.01.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 20.01.2026 / 27.01.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 06.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 07.02.2026 |
| 11 | निविदादाता का नाम एवं पता | - |

(1) श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, अशियाना नगर, दीघा, पटना (Reg. No.- 1250031, Class-I , BCD)।
(2) मे0 संजिव ब्रदर्श कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, वीर कुंवर सिंह कॉलनी, बक्सर (Reg. No.- 1210025, Class-I , BCD)।
(3) शिव शंकर सिंह कॉन्ट्रेक्टर प्रा0 लि0, गोपालगंज (Reg. No.- 1240153, Class-I , BCD)।
(4) मे0 के0डी0 कंपनी, कोशी कॉलनी, सुपौल (Reg. No.- 1240203, Class-I , BCD)।
(5) अमोद कुमार, राजीव नगर, पटना (Reg. No.- BMSICL/1-195, Class-I , BCD)।
(6) विवेक कुमार सिंह, क्लब रोड, आरा (Reg. No.- 1250169, Class-I , BCD)।
(7) ए0एम0 इन्फ्राटेक, सोनभद्र, उत्तर प्रदेश (Reg. No.-227, Class-I , CPWD)।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**
**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाही:-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, अशियाना नगर, दीघा, पटना (2) मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, पकरी, आरा (3)

मे0 वी0टी0एस0 प्रोजेक्ट्स प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, पटना को **सफल** (4) बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0 (5) बिल्टॉन स्पेस, अहियंता नगर, अशिआना, पटना को **असफल** घोषित किया गया था।

पुनः दिनांक-23.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं सभी सफल निविदाकार में से एक निविदाकार द्वारा निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>**

दिनांक 30.03.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, आरा द्वारा निविदा मे शामिल कुल सात निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहृत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहृत समुचित कारंवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सात निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, अशियाना नगर, दीघा, पटना (Reg. No.- 1250031, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 संजिव ब्रदर्श कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, वीर कुंवर सिंह कॉलनी, बक्सर (Reg. No.- 1210025, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** शिव शंकर सिंह कॉट्रेक्टर प्रा0 लि0, गोपालगंज (Reg. No.- 1240153, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** मे0 के0डी0 कंपनी, कोशी कॉलनी, सुपौल (Reg. No.- 1240203, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**पंचम निविदाकार** अमोद कुमार, राजीव नगर, पटना (Reg. No.- BMSICL/1-195, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन चिड़िया बरियार, बेगूसराय के निर्माण कार्य में न्यूनतम निविदाकार होने के कारण इनकी बिडिंग कैपिसिटी की राशि इस निविदा की राशि से कम है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.7 के तहृत **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**षष्ट्म निविदाकार** विवेक कुमार सिंह, क्लब रोड, आरा (Reg. No.- 1250169, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि विद्युतीकरण कार्य, फायर फाईटिंग एवं फर्नीचर कार्य के लिए सबकॉट्रेक्टर अम्बे इन्फ्रा,

शिवपुरी, पटना से विद्युतीकरण लाईसेंस एवं अनुभव प्रमाण-पत्र दिया गया है, परन्तु अम्बे इन्फ्रा के पत्रांक-शून्य दिनांक-27.02.2026 एवं पत्रांक-शून्य दिनांक-19.03.2026 के द्वारा सूचित किया गया है कि इन्होंने विवेक कुमार सिंह को कोई विद्युतीकरण लाईसेंस एवं अनुभव प्रमाण-पत्र नहीं दिया गया है, जिसके आलोक में विवेक कुमार सिंह को भौतिक रूप से मूल कागजात के साथ उपस्थित होने के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से दो बार पत्र दिया गया, परन्तु इनके द्वारा उपस्थिति नहीं दी गयी। अतः विवेक कुमार सिंह को गलत कागजात अपलोड करने के कारण तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**सप्तम् निविदाकार** ए०एम० इन्फ्राटेक, सोनभद्र, उत्तर प्रदेश (Reg. No.-227, Class-I , CPWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी वाटर टैंक का इनवाईस संलग्न नही पाया गया। अतः एस०बी०डी० की कंडिका-4.5B(a) के तहृत तकनीकी बीड में इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार सात निविदाकार में से चार निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं तीन निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, अशियाना नगर, दीघा, पटना (Reg. No.- 1250031, Class-I , BCD) (2) मे० संजिव ब्रदर्श कंसट्रक्सन प्रा० लि०, वीर कुंवर सिंह कॉलनी, बक्सर (Reg. No.- 1210025, Class-I , BCD) (3) शिव शंकर सिंह कॉट्रैक्टर प्रा० लि०, गोपालगंज (Reg. No.- 1240153, Class-I , BCD) (4) मे० के०डी० कंपनी, कोशी कॉलनी, सुपौल (Reg. No.- 1240203, Class-I , BCD) को सफल एवं (5) अमोद कुमार, राजीव नगर, पटना (Reg. No.- BMSICL/1-195, Class-I , BCD) (6) विवेक कुमार सिंह, क्लब रोड, आरा (Reg. No.- 1250169, Class-I , BCD) (7) ए०एम० इन्फ्राटेक, सोनभद्र, उत्तर प्रदेश (Reg. No.-227, Class-I , CPWD) को असफल घोषित किया गया, साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-05.04.2026 के पूर्वाहृन 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द०) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द०) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-
(पुनित गुप्ता)
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, आरा।

ह0/-
(अरविन्द कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, आरा।

ह0/-
(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (द०),
भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-01-35/2025...946 S...... पटना/दिनांक...30/03/26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/03/26
मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 133